# सुधा चंद्रन ने की एकता की तारीफ



अभिनेत्री सुधा चंद्रन ने टेलीविजन की क्वीन एकता कपूर की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें एक दूरदर्शी प्रोड्यूसर बताया, जिनकी सोच और कास्टिंग की समझ बेमिसाल है। अपने आइकॉनिक शो कहीं किसी रोज में कास्ट किए जाने के अनुभव को याद करते हुए सुधा ने खुलासा किया कि एकता के आत्मविश्वास ने उनके किरदार को भारतीय टेलीविजन के सबसे यादगार किरदारों में बदल दिया. कहीं किसी रोज में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए सुधा ने बताया कि शूटिंग शुरू होने के समय उन्हें अपने किरदार रामोला सिकंद के ड्रामेटिक अंदाज़ को लेकर थोड़ी झिझक थी. लेकिन एकता कपूर के भरोसे ने उन्हें तुरंत आत्मविश्वास दिया. उस पल को याद करते हुए सुधा ने कहा, 'जब शूट शुरू होने के 4-5 दिन बाद मेरी मुलाकात एकता से हुई, तो मैंने उनसे पूछा, 'क्या आपको नहीं लगता ये थोड़ा ज्यादा लाउड है?' तब उन्होंने मुझसे सिर्फ एक बात कही, 'सुधा मैम, बस छह महीने इंतजार कीजिए, आप पूरे शहर में चर्चा का विषय होंगी.' वह कितनी फ्यूचरिस्टिक सोच रखती थीं.' सुधा ने एकता की कास्टिंग की समझ की भी तारीफ की और कहा कि उन्हें हमेशा पता होता है कि किस किरदार के लिए कौन-सा अभिनेता सबसे सही रहेगा. उन्होंने कहा, 'इतने लोगों में अगर एकता ने मुझे इस रोल के लिए चुना, तो इसका मतलब है कि वह सही किरदार के लिए सही कलाकार चुनती हैं. उन्हें अपना काम बखूबी आता है. जब किसी को यह समझ हो कि कौन-सा अभिनेता किसी किरदार के साथ न्याय करेगा, तभी उसे सही मायनों में प्रोड्यूसर कहा जाता है. उनकी कास्टिंग आज तक कभी गलत साबित नहीं हुई.'

सालों से एकता कपूर भारतीय टेलीविजन में क्रांति लाने का श्रेय हासिल करती रही हैं. उनके कई आइकॉनिक शोज घर-घर में सांस्कृतिक पहचान बन चुके हैं. फैमिली ड्रामा को नए अंदाज में पेश करने से लेकर ट्रेंडसेटिंग सुपरनैचुरल थ्रिलर्स बनाने तक, उनके क्रिएटिव रिस्क अक्सर सफल साबित हुए हैं, भले ही शुरुआत में आलोचक और दर्शक संदेह जताते रहे हों.

## हस्तिनापुर के वीर' 2 जून से होगा शुरू

सोनी सब एक नया पौराणिक धारावाहिक 'हस्तिनापुर के वीर' लेकर आ रहा है, जो महाभारत के महानायकों पांडवों और कौरवों के शुरुआती जीवन और उनके निर्माण की अनकही कहानी को दर्शाएगा. यह शो दो जून से सोमवार से शनिवार, रात नौ बजे सोनी सब और सोनीलिव पर प्रसारित किया जाएगा.

यह धारावाहिक हस्तिनापुर की पृष्ठभूमि में पांडवों और कौरवों के बचपन, उनके रिश्तों, प्रतिद्वंद्विता और उन परिस्थितियों को दिखाता है जिन्होंने आगे चलकर उनके व्यक्तित्व और भाग्य को आकार दिया.शो का उद्देश्य केवल पौराणिक घटनाओं को दोहराना नहीं, बल्कि उन मानवीय भावनाओं और पारिवारिक संबंधों को सामने लाना है जो इन महाकाव्य पात्रों के जीवन की नींव बने.इस भव्य शो में कई जाने-माने कलाकार शामिल हैं.



# 'गवर्नर' ट्रेलर में दिखा दमदार राजनीतिक ड्रामा

'गवर्नर' सच्ची घटनाओं से इंस्पायर्ड फिल्म है, जो 1990 के दशक में भारत पर आए सबसे भयंकर आर्थिक संकट के काले सच को उजागर करती है.

बॉलीवुड फिल्मकार विपुल अमृतलाल शाह की आने वाली फिल्म 'गवर्नर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है. विपुल अमृतलाल शाह की 'सनशाइन पिक्चर्स' के बैनर तले आ रही फिल्म 'गवर्नर' इतिहास के उन अनसुने और दबे हुए पन्नों को खोलने जा रही है, जिनके बारे में कभी चर्चा नहीं हुई. मनोज बाजपेयी के शानदार अभिनय से सजी इस फिल्म की कमान मराठी सिनेमा के मशहूर और दिग्गज डायरेक्टर चिन्मय मांडलेकर ने संभाली है. बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने वाली 'द केरल स्टोरी' और 'द केरल स्टोरी 2' जैसी फिल्में देने वाले मेकर्स की तरफ से यह दर्शकों के लिए एक और बेहद इम्पैक्टफुल और हिलाकर रख देने वाला सिनेमाई अनुभव होने जा रहा है.

मनोज बाजपेयी के बर्थडे पर जब विपुल अमृतलाल शाह की आने वाली फिल्म 'गवर्नर' का फर्स्ट लुक पोस्टर सामने आया था, तभी से इस मॉडर्न हिस्ट्री ड्रामा को लेकर चर्चाएं गरम थीं. सस्पेंस से भरे टीज़र के बाद अब मेकर्स ने फिल्म का एक बेहद पावरफुल और धमाकेदार ट्रेलर ड्रॉप कर दिया है, जो रोंगटे खड़े करने के साथ ही आपको सोचने पर मजबूर कर देता है.

फिल्म का ट्रेलर भारत के आर्थिक इतिहास के उस सबसे बड़े और काले पन्ने को खोलता है, जब 1990 में हमारा देश कंगाली और बैंकरप्सी की कगार पर आ खड़ा हुआ था. गिरती अर्थव्यवस्था के चलते देश में मचे हाहाकार और सड़कों पर उतरी जनता के गुस्से को ट्रेलर में बखूबी दिखाया गया है. इस महा-संकट के बीच, भारत को डूबने से बचाने के लिए एक ऐसा ऐतिहासिक कदम उठाना पड़ा जिसने सब कुछ बदल दिया. ट्रेलर देश के इस सबसे मुश्किल और चुनौतीपूर्ण दौर की हकीकत को बयां करता है. मनोज बाजपेयी और अदा शर्मा की कमाल की परफॉर्मेंस के साथ यह फिल्म बेहद प्रॉमिसिंग लग रही है. इस फिल्म के को-प्रोड्यूसर आशिन ए. शाह हैं. वहीं इसकी कड़क स्क्रिप्ट को सुवेंदु भट्टाचार्य, सौरभ भारत, रवि असरानी और विपुल अमृतलाल शाह ने मिलकर लिखा है.

## ऑफिस ऑफिस सीजन 2 में श्रुति की एंट्री



अभिनेत्री श्रुति शर्मा 'ऑफिस ऑफिस 2' में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी. भारतीय टेलीविजन के सुनहरे दौर के सबसे पसंदीदा कॉमेडी शोज में से एक 'ऑफिस ऑफिस' अब एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने लौट रहा है. इस बहुप्रतीक्षित वापसी की सबसे खास बात यह है कि अभिनेत्री श्रुति शर्मा इस नए सीजन में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएँगी. अपने तीखे व्यंग्य, सरकारी दफ्तरों की जमीनी सच्चाइयों और यादगार किरदारों के लिए मशहूर रहा 'ऑफिस ऑफिस' आज भी दर्शकों के दिलों में खास जगह रखता है. ऐसे में, शो के दूसरे सीजन का हिस्सा बनना श्रुति शर्मा के लिए सिर्फ एक नया प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि एक बेहद भावुक और व्यक्तिगत अनुभव भी है. शो से जुड़ी अपनी यादों को साझा करते हुए, श्रुति ने कहा, 'ऑफिस ऑफिस से मेरी बेहद खास यादें जुड़ी हैं. स्कूल से लौटने के बाद मैं अपनी माँ के साथ खाना खाते हुए इस शो के एपिसोड्स देखा करती थी. इसी वजह से मुझे इसके सभी किरदार, उनकी अदाएँ और मशहूर डायलॉग्स आज भी याद हैं. जब मैंने इस नए सीजन की शूटिंग शुरू की, तो पूरा अनुभव बेहद नॉस्टैल्जिक लगा. जिस शो को देखकर मैं बड़ी हुई, आज उसी शो की लीड बनना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है.'

## परी देगी वसुंधरा-तोषू को करारा जवाब



अनुपमा सीरियल के बुधवार के एपिसोड की शुरुआत एक धमाकेदार सेलिब्रेशन के साथ होगी. परी और राजा जया को लेकर 'लव यू जिंदगी' कैफे गए होंगे. वहां पर ईशानी, माही, अंश और बंकू उनका जोरदार स्वागत करेंगे. धमाकेदार सेलिब्रेशन होगा और सभी परी की प्रेग्नेंसी को लेकर सुपर एक्साइटेड होंगे. सबका इतना सारा प्यार देखकर परी की आंखें भर आएंगी. हालांकि सभी को हैरत होगी कि उनके कैफे में चल रहे म्यूजिक और जश्न की आवाजें सामने अनुज कैफे तक जा रही होंगी, लेकिन फिर भी परी से मिलने के लिए राही नहीं आई. उधर अनुज के कैफे में म्यूजिक और चीयरिंग की आवाजें सुनकर परी तो आना चाहती होगी, लेकिन अपने पतिदेव का बदला हुआ मिजाज देखकर उसे अपना मन मारना पड़ेगा. जब प्रेम देखेगा कि परी की प्रेग्नेंसी की वजह से राही उससे मिलने जाना चाहती है, तो वह अपनी पत्नी से कहेगा- परी का प्रेग्नेंसी में शाह हाउस जाना अलग बात है और तुम्हारा वहां जाना अलग बात है. राही चाहकर भी परी से मिलने नहीं जा पाएगी. देर रात जब अनुपमा कैफे का बचा हुआ खाना गरीबों में बांट रही होगी तो राही को अहसास होगा कि प्रेम और श्रुति कितनी गलत राह पर चल रहे हैं. होगा यह कि ईशानी अपनी अनु मां से बचा हुआ खाना बांटने की वजह पूछेगी. तो अनुपमा जवाब देगी कि तुम सही कह रही हो कि हम यह बचा हुआ खाना फ्रिज में रखकर अगले दिन परोस सकते थे, लेकिन हम अतिथि को भगवान कहते हैं और भगवान को बासा खाना नहीं खिलाया जाता.

# कान्स में उर्वशी का महंगा एक्सप्रेसो बैग



कान्स फिल्म फेस्टिवल पर पूरी दुनिया की नजरें बनी हुई हैं और इसी बीच उर्वशी रौतेला ने अपने ग्लैमरस अंदाज से सभी का ध्यान खींच लिया. एक्ट्रेस सिल्वर रंग के चमचमाते गाउन में रेड कार्पेट पर उतरीं, जिसमें हैवी एम्बेलिशमेंट और लंबा फेदर ट्रेल उनके लुक को बेहद शानदार बना रहा था. हालांकि, उनके आउटफिट से ज्यादा चर्चा उनके यूनिक क्लच की हो रही है. उर्वशी ने इस दौरान एक्सप्रेसो मार्टिनी डिजाइन वाला क्लच कैरी किया था, जिसकी कीमत करीब 5.5 लाख रुपये बताई जा रही है.

उर्वशी रौतेला का अंदाज ही ऐसा है, वो जहां भी जाती हैं सबको अपनी तरफ अट्रैक्ट कर लेती हैं. इसी तरह कान फिल्म फेस्टिवल में भी उन्होंने लाइमलाइट बटोरने में बिल्कुल भी कमी नहीं छोड़ी. सबसे पहले तो वो करोड़ों की ड्रेस पहनकर इस इवेंट में पहुंचीं और उसके बाद अब हर जगह उनके बैग के चर्चे हो रहे है. ऐसा इस वजह से क्योंकि दूसरे लुक में उन्होंने ड्रेस से मेंहगा हाथ में क्लच लिया हुआ था. तो चलिए जानते हैं कैसा था उनका क्लच, जिसकी वजह से हर जगह बस उन्हीं की चर्चा हो रही है. उनका यह बैग कोई आम नहीं है बल्कि काफी फेमस ब्रांड का है. उनका यह बैग का लुक कॉफी कॉकटेल ग्लास जैसा था, जिसमें क्रिस्टल फोम और छोटे-छोटे कॉफी बीन्स भी लगे थे.


# अल्फा-एनिमल अनुभव पर बोले बॉबी देओल

बॉबी देओल ने आलिया भट्ट के साथ फिल्म 'अल्फा' और रणबीर कपूर के साथ फिल्म 'एनिमल' में अपने काम करने के अनुभव को शेयर किया है. इसके साथ ही बॉबी ने आलिया और रणबीर के लिए कुछ खास बात कही हैं. मशहूर अभिनेता बॉबी देओल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'अल्फा' को लेकर काफी उत्साहित हैं. हाल ही में उन्होंने फिल्म 'अल्फा' में आलिया भट्ट और साल 2023 की सुपरहिट फिल्म 'एनिमल' में रणबीर कपूर के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा किया है. बॉबी देओल ने बताया कि उन्हें रणबीर और आलिया दोनों बहुत पसंद हैं. वह हमेशा से दोनों के साथ काम करना चाहते थे. उन्होंने कहा, 'रणबीर कपूर के साथ 'एनिमल' और आलिया के साथ 'अल्फा' में काम करने का मेरा अनुभव अब तक का सबसे शानदार अनुभव रहा है.



बॉबी देओल ने 'अल्फा' के बारे में कहा कि इस फिल्म के डायरेक्टर शिव रवैल और प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा चाहते थे कि उनका एक्शन बिल्कुल असली और जबरदस्त दिखे.

# रणवीर सिंह का सवाल, सद्गुरु का ज्ञान



बॉलीवुड के ऊर्जा से भरपूर अभिनेता रणवीर सिंह अक्सर अपनी अनोखी स्टाइल, मजेदार अंदाज और हाई एनर्जी के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इस बार उनका एक बिल्कुल अलग रूप देखने को मिला. हाल ही में वे आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु से मिलने पहुंचे, जहां उन्होंने जीवन के सबसे बड़े सवालों में से एक जीवन का मकसद क्या है पर चर्चा की.

सद्गुरु के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किए गए वीडियो में रणवीर काफी शांत, गंभीर और सोच में डूबे दिखाई दिए. वीडियो की शुरुआत में रणवीर कहते हैं कि उन्होंने एक दिन पहले सोशल मीडिया पर ट्वीट किया था कि वे अगले दिन सद्गुरु से मिलने जा रहे हैं और लोगों से पूछा कि उन्हें क्या सवाल पूछना चाहिए. रणवीर के मुताबिक, ज्यादातर लोगों ने उनसे यही जानने को कहा कि आखिर जीवन का उद्देश्य क्या है. यह बातचीत केवल एक साधारण सवाल-जवाब तक सीमित नहीं रही, बल्कि जीवन, मानसिक शांति और इंसानी सोच पर गहरी चर्चा में बदल गई. वीडियो में सद्गुरु ने अपने अंदाज में जीवन को समझाने की कोशिश की.

## साइंस एंड टेक्नोलॉजी



# अब प्रकाश से बनेगा सुरक्षा कवच

## नकली करेंसी की पहचान होगी आसान

नकली नोट, फर्जी दस्तावेज और ब्रांडेड उत्पादों की नकल आज वैश्विक चुनौती बन चुकी है. ऐसे में अब विज्ञान ने इस जालसाजी के खिलाफ एक नई 'प्रकाश ढाल' तैयार कर ली है. आईआईटी गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने एक अत्याधुनिक प्रकाश-उत्सर्जक पेरोव्स्काइट नैनोमैटेरियल विकसित किया है, जो ऐसे सुरक्षा पैटर्न बना सकता है जिन्हें सामान्य प्रिंटिंग या इमेजिंग तकनीकों से कॉपी करना लगभग असंभव होगा.

यह तकनीक भविष्य में करेंसी, सरकारी दस्तावेजों और महंगे उत्पादों की नकल को रोकने व पहचानने में बड़ी भूमिका निभा सकती है. व्यापक स्तर पर यह तकनीक उन सभी क्षेत्रों में उपयोगी हो सकती है, जहां उत्पाद प्रमाणीकरण और सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण हैं. करेंसी नोट, पासपोर्ट, पहचान पत्र और कानूनी दस्तावेजों की सुरक्षा से लेकर लक्जरी वस्तुओं और उपभोक्ता उत्पाद उद्योगों तक इसका उपयोग किया जा सकता है.


खास बात यह है कि इस शोध को वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता मिली है. इसके निष्कर्ष प्रतिष्ठित जर्नल एडवांस्ड ऑप्टिकल मैटेरियल्स में प्रकाशित हुए हैं. शोध-पत्र आईआईटी गुवाहाटी के सहायक प्रोफेसर प्रो. सैकत भौमिक, प्रो. पी. के. गिरी तथा उनके शोधार्थी लतिका जुनेजा और गरिमा चौधरी ने तैयार किया है.

आधुनिक तकनीकों की सहायता से अपराधियों ने बारकोड, क्यूआर कोड, होलोग्राम और वॉटरमार्क लेबल जैसी पारंपरिक सुरक्षा प्रणालियों की सटीक नकल करने के तरीके खोज लिए हैं. ऐसे में ये चुनौतियां राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी प्रभाव डाल सकती हैं, क्योंकि इनके माध्यम से वित्तीय धोखाधड़ी, अवैध गतिविधियों और सुरक्षा उल्लंघनों के जोखिम बढ़ जाते हैं.

# चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर नासा के रोबोट

नासा ने चंद्रमा पर दीर्घकालिक मानव उपस्थिति स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में स्वायत्त ड्रोन, रोबोटिक वाहन और संचार नेटवर्क तैनात करने की योजना पेश की है. नासा मुख्यालय में आयोजित मून बेस ब्रीफिंग के दौरान अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी अब केवल प्रतीकात्मक चंद्र लैंडिंग से आगे बढ़कर ऐसी दीर्घकालिक संरचना विकसित कर रही है, जो अंतरिक्ष यात्रियों, कार्गो प्रणालियों, वैज्ञानिक मिशनों और भविष्य के मंगल मिशनों का समर्थन करेगी.


इस नई रणनीति का प्रमुख हिस्सा मून फॉल मिशन है, जो ड्रोन आधारित अभियान होगा. इसका उद्देश्य कठिन चंद्र सतह का सर्वेक्षण करना, जल बर्फ की खोज करना और भविष्य के आर्टेमिस मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए लैंडिंग स्थल तैयार करना है. कार्लोस गार्सिया गोलान ने कहा कि ये ड्रोन अधिक क्षेत्रों की जांच करने और वास्तविक जानकारी जुटाने में मदद करेंगे. जेट प्रोपोलशं लैब्रोटरी इन ड्रोन का विकास कर रही है, जबकि इन्हें चंद्रमा तक



पहुंचाने वाले अंतरिक्ष यान के निर्माण की जिम्मेदारी दी गई है. मिशन को 2028 में लॉन्च किए जाने का लक्ष्य रखा गया है. ये ड्रोन चंद्र सतह पर छोटी-छोटी छलांग लगाते हुए स्थायी रूप से अंधेरे में रहने वाले क्रेटरों और दक्षिणी ध्रुव के कठिन क्षेत्रों का अध्ययन करेंगे. ये उच्च-रिजॉल्यूशन तस्वीरें, लैंडिंग साइट की सटीक मैपिंग और अत्यधिक तापमान में काम करने वाली तकनीकों का परीक्षण करेंगे. नासा ने यह भी कहा कि भविष्य में चंद्र आधार किसी छोटे स्टेशन की बजाय एक फैले हुए शहर जैसा हो सकता है.

# एलियन जैसा दिखा नीला समुद्री जीव

प्रशांत महासागर एक बार फिर अपने भीतर छिपे रहस्यों की वजह से सुर्खियों में है. वैज्ञानिकों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने समुद्र की गहराई में रहने वाले एक दुर्लभ नीले ऑक्टोपस की नई प्रजाति की पहचान की है. इसकी सबसे बड़ी खासियत इसका चमकदार नीला रंग और एलियन जैसी बनावट है, जिसने वैज्ञानिकों तक को चौंका दिया.



यह ऑक्टोपस समुद्र की बेहद गहरी और अंधेरी सतह पर पाया गया, जहां सामान्य तौर पर इंसानों की पहुंच लगभग नामुमकिन होती है. वैज्ञानिकों ने विशेष डीप-सी कैमरों और रोबोटिक सबमर्सिबल मशीनों की मदद से इस जीव को पहली बार रिकॉर्ड किया था. शुरुआती दौर में रिसर्चर्स को लगा कि यह किसी सामान्य ऑक्टोपस की दुर्लभ किस्म हो सकती है, लेकिन लगातार अध्ययन के बाद मामला पूरी तरह अलग निकला.

करीब 10 वर्षों तक वैज्ञानिकों ने इस जीव की गतिविधियों, शरीर की संरचना, रंग बदलने की क्षमता और डीएनए सैंपल्स का विश्लेषण किया. इसके बाद यह पुष्टि हुई कि यह ऑक्टोपस अब तक ज्ञात किसी भी प्रजाति से मेल नहीं खाता. इसकी त्वचा में ऐसे विशेष कोशिकीय पैटर्न पाए गए हैं, जो अंधेरे में हल्की नीली चमक पैदा करते हैं.

यही वजह है कि इसे 'ब्लू घोस्ट ऑक्टोपस' जैसा नाम भी दिया जा रहा है. महासागरों की गहराई अब भी इंसानों के लिए एक अनसुलझी दुनिया बनी हुई है. पृथ्वी का बड़ा हिस्सा समुद्र से घिरा है, लेकिन उसकी गहराइयों का बहुत छोटा भाग ही अब तक खोजा जा सका है. ऐसे में इस तरह की खोजें यह साबित करती हैं कि समुद्र के भीतर जीवन की अनगिनत प्रजातियां अभी भी इंसानी नजरों से दूर हैं.

# रेडमी ला रहा पावरफुल टर्बो 5 स्मार्टफोन

## हाईएंड स्पेसिफिकेशन्स वाला फोन जून में हो सकता है लॉन्च

स्मार्टफोन बाजार में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ती जा रही है और इसी बीच रेडमी अपने नए फ्लैगशिप डिवाइस रेडमी टर्बो 5 को लेकर चर्चा में आ गया है. कंपनी पहले ही संकेत दे चुकी है कि वह भारत में अपनी टर्बो सीरीज का विस्तार करने वाली है. अब नई लीक रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि रेडमी टर्बो 5 भारतीय बाजार में 18 जून को लॉन्च हो सकता है. यह फोन प्रीमियम सेगमेंट को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है.

इस फ़ोन में हाई-परफॉर्मेंस प्रोसेसर दिया जाएगा, जो गेमिंग और हैवी मल्टीटास्किंग को बेहद स्मूद बना सकता है. इसके साथ बड़ी बैटरी और सुपरफास्ट चार्जिंग सपोर्ट मिलने की भी उम्मीद जताई जा रही है. कंपनी इस डिवाइस को उन यूजर्स को ध्यान में रखकर लॉन्च करेगी जो पावरफुल परफॉर्मेंस और लंबे बैटरी बैकअप वाला स्मार्टफोन चाहते हैं.



डिजाइन की बात करें तो इस फ़ोन में प्रीमियम फिनिश और स्लिम बॉडी देखने को मिल सकती है. टेक एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह फोन सीधे तौर पर मिड-प्रीमियम और फ्लैगशिप किलर कैटेगरी के स्मार्टफोन्स को चुनौती देगा. इसके कैमरा फीचर्स को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं और संभावना जताई जा रही है कि इसमें एआई आधारित एडवांस कैमरा सिस्टम दिया जा सकता है. हालांकि कंपनी ने अभी तक फोन के स्पेसिफिकेशन्स और लॉन्च डेट की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन लगातार सामने आ रही लीक रिपोर्ट्स ने टेक लवर्स की उत्सुकता बढ़ा दी है.

सोशल मीडिया और टेक प्लेटफॉर्म्स पर रेडमी टर्बो 5 को लेकर चर्चा तेज हो चुकी है. कई यूजर्स इसे कंपनी का अब तक का सबसे पावरफुल स्मार्टफोन बता रहे हैं. अगर लीक सही साबित होती है तो 18 जून को भारतीय स्मार्टफोन बाजार में एक और बड़ी लॉन्चिंग देखने को मिल सकती है. इस फ़ोन के आने से प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में मुकाबला और भी दिलचस्प हो जाएगा. अब यूजर्स को कंपनी की आधिकारिक घोषणा का इंतजार है, जिसमें फोन की कीमत और पूरे फीचर्स का खुलासा किया जाएगा.